an>

Title: Need to review the proposed move to shift the present jail located in Rampur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : अध्यक्षा जी, मैं उत्तर प्रदेश के रामपुर संसदीय क्षेत्र की जिला जेल के बारे में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

महोदया, रामपुर की जिला जेल आबादी के बीच में आ गई है। आबादी के बीच में आने की वजह से नियमानुसार इनको दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाता है। लेकिन उसके लिए 8 किलोमीटर की आवश्यकता होती है। भारत की वर्तमान सरकार उस जेल को एक दूसरे मोहल्ले में ऐसी जगह रखना चाह रही है, जहां पर 16 कॉलोनियां हैं और दोनों तरफ रास्ता है तथा नैनिताल रोड़ पर है। जहां से पास में एक पॉलिटेक्निक भी है। महोदया, वहां पर एक चीनी मिल है, वह 15 साल पहले बंद हो गई है। वहां के जो मज़दूर हैं, वे 15 साल से नौकरी पर नहीं थे और उन्होंने छोटी-छोट नौकरियां कर के पक्के मकान बनाए हैं। आज उत्तर प्रदेश की सरकार ने उनको वहां पर उजाड़ना शुरू कर दिया है। लोग धरने पर बैठे हुए हैं, उनमें आक्रोश है। इस सदन के माध्यम से मेरा आपसे अनुरोध है कि सरकार को पुनः विचार के लिए रिपोर्ट भेजें, जिससे विकास की जगह विनाश न हो और उनको रोका जा सके तथा वे लोग अपना जीवन-यापन कर सकें।